समयबद्ध / महत्वपूर्ण

संख्या– 1820 / 71–2–17–4 / 2017

प्रेषक,

संजय कुमार उपाध्याय,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक 27 मई, 2017

विषय:– नीट पी0जी0, 2017 की काउंसिलिंग / प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र–F.No.V.11011/1/2015-MEP, दिनांक 11 मई, 2017 के कम में शासनादेश संख्या–1709 / 71–2–2017–4 / 2017, दिनांक 23.05.2017 द्वारा राजकीय क्षेत्र के मेडिकल / डेण्टल कालेजों, इस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के लिए राज्य मेरिट सूची में पूर्व से पंजीकृत अवशेष अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर माप अप राउण्ड के माध्यम से दिनांक 25.05.2017 को टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ में आन–स्पाट काउंसिलिंग / प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के आदेश निर्गत किये गये थे। अपरिहार्य कारणवश ए0एम0यू0 एवं बी0एच0यू0 से सम्बन्धित मेडिकल कालेजों के लिए माप–अप राउण्ड की काउंसिलिंग सम्पन्न नहीं हो पायी।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के पूर्व से पंजीकृत अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 31.05.2017 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से माप–अप राउण्ड की काउंसिलिंग / प्रवेश की कार्यवाही टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ में आन–स्पाट सम्पन्न करायी जायेगी।

3– शासनादेश संख्या–769 / 71–2–2017–4 / 2017, दिनांक 10.03.2017 एवं तदनुकम में निर्गत शासनादेश संख्या–1709 / 71–2–2017–4 / 2017, दिनांक 23.05. 2017 द्वारा नीट पी0जी0, 2017 की मेरिट सूची के आधार पर काउंसिलिंग कराये जाने हेतु कतिपय अन्य निर्देशों के साथ–साथ काउंसिलिंग बोर्ड के गठन के आदेश जारी किये गये हैं। ए0एम0यू0 एवं बी0एच0यू0 के सम्बन्धित मेडिकल कालेजों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 31.05.2017 को प्रस्तावित माप–अप राउण्ड में सम्बन्धित संस्थाओं के प्रतिनिधियों को काउंसिलिंग बोर्ड में सम्मिलित किया जायेगा।

4– शासनादेश दिनांक 10.03.2017, दिनांक 23.05.2017 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय, शेष शर्तें व प्रतिबन्ध यथावत रहेंगे।

कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

27.05.17

(संजय कुमार उपाध्याय)
विशेष सचिव।

संख्या– 1820 (1)/71–2–2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. कुलपति/कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3. कुलपति/कुलसचिव, उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई इटावा।
4. सचिव, मेडिकल काउंसिल आफ इण्डिया/डेण्टल काउंसिल आफ इण्डिया, नई दिल्ली।
5. निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ/डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
6. कुलपति, इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी/कुलपति, जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को इस आशय से प्रेषित कि दिनांक 31.05.2017 को प्रस्तावित माप–अप राउण्ड की काउंसिलिंग में अपने से सम्बन्धित विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि नामित करने का कष्ट करें।
7. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
8. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन।
9. निजी सचिव, मा0 चिकित्सा शिक्षा मंत्री/मा0 राज्य मंत्री, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
10. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नीलेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।